कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोवस्त , मध्य प्रदेश

क्रमांक /9-कम्प्यूटर/NLRMP/Web GIS/2020 329 ग्वालियर, दिनांक-19/02/2020

,प्रति

1. **कलेक्टर**
   जिला समस्त
2. **मुख्य कार्यकारी अधिकारी,**
   MPOnline लिमिटेड,
   डी बी सिटी कॉर्पोरेट पार्क, अरेरा हिल्स
   भोपाल (म.प्र.)।

विषय- MP Online कियोस्क के माध्यम से भू-अभिलेख की प्रतिलिपियों को प्रदाय करने की कार्यवाही समारोह पूर्वक प्रारंभ करने बावत् ।

सन्दर्भ- कार्यालयीन पत्र क्रमांक 174/9-कम्प्यूटर/2020, दिनांक 04/02/2020।

विषयान्तर्गत लेख है कि कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख द्वारा भू अभिलेख प्रति निर्धारित दरों पर भू स्वामी को प्रदाय करने हेतु MPOnline को प्राधिकृत सेवा प्रदाता नियुक्त कर किया गया है। जिसके तहत WebGIS सॉफ्टवेयर के माध्यम से आम नागरिको को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर **MPOnline** कियोस्क द्वारा भू-अभिलेख की प्रतिलिपियां प्रदाय करने हेतु अधिकृत किया ।

इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि यह कार्यवाही दिनांक 02 मार्च 2020 को मध्य प्रदेश के समस्त जिलों में **MPOnline** के समस्त कियोस्क पर समारोह पूर्वक प्रारंभ की जावे । इस आयोजन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जावे :-

1. इस कार्यक्रम को जिला स्तरीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाऐ जिसमें कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेगें कलेक्टर द्वारा आवश्यकतानुसार शासकीय अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी **MPOnline** कियोस्क में आयोजन दिनांक को लगाई जावें । इस हेतु **MPOnline** के जिला कोर्डिनेटर समस्त जिले के MPOnline कीयोस्क की सूची कलेक्टर को प्रदाय करेंगे।
2. इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि मीडिया एवं गणमान्य नागरिकों तथा आमजन को आमंत्रित किया जावें तथा जन प्रतिनिधियों के माध्यम से ही भू-अभिलेख की प्रतिलिपियों का वितरण किया जावें ।
3. शासन द्वारा भू-अभिलेख प्रतिलिपियों की दरों हेतु निम्नानुसार दरें निर्धारित की गई है :-

क्रमांक	अभिलेखों का वितरण	प्रथम पृष्ठ के लिए फीस	प्रत्योक अतिरिक्त पृष्ठ के लिए फीस
1	एक साला/पॉच साला खसरा या खाता जमावंदी, अधिकार अभिलेख, खेवट के लिए	30.00	15.00
2	वजिब-उल-अर्ज, निस्तार पत्रक के लिए	30.00	15.00
3	ए-4 आकार में नक्शे की प्रति के लिए	30.00	15.00

Scanned by CamScanner

शासन द्वारा निर्धारित इन नवीन दरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावें तथा नकल वितरण केन्द्रों में इन दरों का फ्लेक्स भी लगाया जावें। जिससे भू-धारको के हित में शासन द्वारा लिये गये निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सकें।

4. WebGIS सॉफ्टवेयर के माध्यम से कृषकों /भू-धारकों के हितों में चल रही योजनाओं की जानकारी भी इस कार्यक्रम में आम जन को प्रदाय की जावें यथा –

4.1 खसरें में बंधक दर्ज करने हेतु WebGIS सॉफ्टवेयर में लॉगिन समस्त बैंकों को दिए गए है। इस हेतु भूमि-स्वामी को तहसील कार्यालय में आकर बंधक दर्ज करने हेतु आवेदन देने की आवश्यकता नही है।

4.2 नामांतरण /बटवारा / बंधक के आदेश को खसरे में अमल कर भूमि-स्वामी को अविलंब प्रदाय किया जा सकता है

4.3 WebGIS सॉफ्टवेयर के माध्यम से व्यपवर्तन की सूचना एवं राजस्व भुगतान।

5. भूमि धारको द्वारा, डिजिटली हस्ताक्षरित भू-अभिलेख की प्रतिलिपियां www.mpbhulekh.com पोर्टल से सीधे ली जा सकेंगी| यह लिंक MPOnline पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाना है|

6. समारोह के 10 दिवस पूर्व WebGIS सॉफ्टवेयर में समस्त प्रकार के संशोधन सैम्पल के तौर पर पृविष्टि कर Test Run करें पूर्ण संतुष्टि के उपरांत ही समारोह में भू-अभिलेख की प्रतियों को प्रदाय किया जावें। सॉफ्टवेयर के Test Run के दौरान WebGIS Integration या अन्य कोई समस्या हो तो इस कार्यालय से संपर्क किया जावें।

7. कार्यक्रम के आयोजन के पश्चात कार्यक्रम की फॉटोग्राफ स्थानीय अखवार एवं मीडियां के माध्यम से कार्यक्रम की फोटोज एवं वीडियों रिकार्डिग भू-प्रबंधन समिति को भेजी जावें।

Signature valid
Digitally signed by Dnyaneshwar Bhalchandra. Patil
Date: 2020.02.18 22:31:03 IST

संलग्र- प्रचार का नमूना

आयुक्त
भू-अभिलेख,
मध्य प्रदेश

पृ. क्रमांक 329 /9-कम्प्यूटर/NLRMP/Web GIS/2020 ग्वालियर, दिनांक-19/02/2020

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, राजस्व विभाग, मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संभागीय कमिश्नर, संभाग समस्त की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षक, भू-अभिलेख समस्त जिला की ओ सूचनाथर्।
4. श्री दिग्पाल सिंह कुशवाह, सिस्टम एनालिस्ट म.प्र. भू-प्रबंधन समिति, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. श्री रूपेश सिंघई, सहायक संचालक म.प्र. भू-प्रबंधन समिति, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
6. सुश्री शिखा डेविड टिग्गा / श्री योगेन्द्र वर्मा, TPA, Web GIS Project, PRC Office, Ground Floor, Arera Hills, Bhopal MP-462027 की ओर सूचनार्थ।
7. M/s Bhopal E-Governance Ltd, ए-2, गुरु गोविन्द नारायण कॉलोनी, गौरी गृह निर्माण सोसायटी, चूना भट्टी, भोपाल, की सूचनार्थ|
8. M/s Terracis Technologies Ltd. (Formerly known as IL&FS Technologies Limited), 3rd Floor, Corporate Tower Ambience Island, Gurgaon 122001 की ओर सूचनार्थ|
   Email: info@ilfstechnologies.com

आयुक्त

Scanned by CamScanner

भू-अभिलेख,

मध्य प्रदेश

Scanned by CamScanner